G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण
INSURANCE REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY OF INDIA

संदर्भ: आईआरडीएआई/एफ&आई/सीआईआर/विविध/26/01/2023 दिनांक: 30 जनवरी, 2023
Ref: IRDAI/F&I/CIR/MISC/26/01/2023 Date: 30th January, 2023

## परिपत्र
## CIRCULAR

प्रति / To,
सभी बीमा कंपनियों के अध्यक्ष/सीईओ
The Chairman/CEOs of all insurance companies

### गैर-कार्यकारी निदेशक(कों) को लाभ संबंधी कमीशन
### Profit Related Commission to Non-Executive Director(s)

प्राधिकरण ने परिपत्र आईआरडीएआई/एफ&आई/सीआईआर/विविध/183/9/2022 दिनांक 2 सितंबर 2022 के द्वारा बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 48ए के अधीन सामान्य निदेशक(कों) की नियुक्ति/निरंतरता के लिए प्रक्रिया को सरल बनाया है।
The Authority, vide Circular IRDAI/F&I/CIR/MISC/183/9/2022 dated 2nd September, 2022, has simplified the process for appointment/continuation of common director(s) u/s 48A of Insurance Act, 1938.

2. उपर्युक्त परिपत्र के खंड 3(क)(iii) में व्यवस्था है कि "बीमाकर्ता प्राधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना गैर-कार्यकारी निदेशकों को किसी पारिश्रमिक का भुगतान नहीं करेगा। तथापि, बीमाकर्ताओं को लागू मानदंडों के अनुसार बैठक शुल्क (सिटिंग फीस) का भुगतान करने की अनुमति है।"
Clause 3(a)(iii) of the said Circular provides that "Insurer shall not pay any remuneration to non-executive directors without prior approval of the Authority. However, insurers are permitted to pay sitting fees, as per applicable norms."

3. उक्त प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में एक और कदम के रूप में बीमाकर्ताओं को इसके द्वारा निम्नलिखित शर्तों के अधीन, मानी गई अनुमोदन व्यवस्था के अंतर्गत, बीमा अधिनियम,1938 की धारा 48ए के अंतर्गत नियुक्त गैर-कार्यकारी निदेशक(कों) सहित, गैर-कार्यकारी निदेशक(कों) को लाभ से संबंधित कमीशन अदा करने की अनुमति दी जाती है:
As a step towards further simplifying the processes, the Insurers are hereby permitted to pay profit related commission to non-executive director(s) including the non-executive director(s) appointed under section 48A of the Insurance Act, 1938, under the deemed approval mechanism, subject to the following conditions:

क. बीमाकर्ता ने उस अवधि के लिए कर के बाद सकारात्मक लाभ सूचित किया है जिसके लिए उपर्युक्त कमीशन का भुगतान प्रस्तावित है।
a. The insurer has reported positive profit after tax for the period for which the said commission is proposed to be paid.

ख. बीमाकर्ता के बोर्ड ने ऐसा भुगतान का अनुमोदन करते हुए संकल्प पारित किया है।
b. The Board of the insurer has passed the resolution approving such payment.

ग. प्रत्येक गैर-कार्यकारी निदेशक को लाभ संबंधी कमीशन के रूप में पारिश्रमिक के भुगतान की राशि बीमाकर्ताओं के गैर-कार्यकारी निदेशकों और प्रबंध निदेशक / मुख्य कार्यकारी अधिकारी / पूर्णकालिक निदेशकों के पारिश्रमिक संबंधी समय-समय पर यथासंशोधित दिशानिर्देशों में विनिर्दिष्ट सीमाओं से अधिक नहीं होगी।
c. The amount of payment of remuneration in the form of profit related commission to each of the Non-Executive Director shall not exceed the limits specified in the Guidelines on Remuneration of Non-Executive Directors and Managing Director /Chief Executive Officer / Whole-time Directors of Insurers, as amended from time to time.

घ. उपर्युक्त भुगतान के संबंध में प्रकटीकरण संबंधित वित्तीय वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों में किये जाएँगे।
d. Disclosures with regard to said payment shall be made in the financial statements for the respective financial year.

ङ. बीमाकर्ता इस संबंध में अन्य सभी लागू विधियों का अनुपालन करेगा।
e. The insurer shall comply with all other applicable laws in this regard.

4. इस परिपत्र के उपबंध तत्काल प्रभाव से लागू हैं।
The provisions of this Circular are applicable with immediate effect.

ममता सूरी

**(ममता सूरी / Mamta Suri)**
**कार्यकारी निदेशक / Executive Director**